# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (24.04.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:24.04.2025, PAGE-08

# बीआरएबीयू: वीडियो से होगी 30 विषयों की पढ़ाई

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में 30 विषयों की पढ़ाई वीडियो से होगी। पढ़ाई स्वयं पोर्टल के तहत होगी। यूजीसी के निर्देश पर विवि में स्वयं पोर्टल छात्रों के लिए शुरू किया जा रहा है। विवि प्रशासन ने मौखिक तौर पर केमेस्ट्री के एक सहायक प्राध्यापक को नोडल की जिम्मेदारी दी है। हालांकि, अभी इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

यूजीसी पिछले दिनों सभी विश्वविद्यालयों को अपने यहां स्वयं पोर्टल शुरू करने का निर्देश दिया था। इसके बाद शिक्षा विभाग और राजभवन ने भी विश्वविद्यालय से पत्र लिखकर पूछा था कि स्वयं पोर्टल के लिए नोडल अफसर बनाये गये या नहीं।

## पढ़ाई ऑनलाइन कराने का निर्देश

यूजीसी ने सभी विश्वविद्यलयों को स्वयं पोर्टल के जरिये 40 प्रतिशत पढाई ऑनलाइन कराने का निर्देश दिया है। ऑनलाइन पढाई का क्रेडिट छात्रों के अंकों में भी जोड़ने को कहा गया है। यूजीसी ने कोरोना के समय वर्ष 2020 में ही सभी विश्वविद्यालयों को स्वयं पोर्टल पर छात्रों को लाने का निर्देश दिया था, लेकिन उस समय यह लागू नहीं हो सका।

## कई विषयों के नहीं हैं शिक्षक

डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह का कहना है कि सीबीसीएस के तहत बीआरएबीयू में कई विषयों के शिक्षक नहीं हैं। इन विषयों की पढाई कराने के लिए वीडियो तैयार कर उसे यूट्यूब पर डाला जायेगा। विवि इसकी तैयारी कर रहा है। विवि में एमडीसी, एआईसी जैसे कोर्स के विषयों में शिक्षक नहीं हैं, इसलिए इन विषयों में छात्रों को पढाई करने में परेशानी आती है।

## स्वयं पोर्टल के विषय भी विश्वविद्यालय से होंगे लिंक

स्वयं पोर्टल पर जो विषय हैं, वह भी विवि से लिंक किये जायेंगे। इन विषयों की पढाई छात्र ऑनलाइन कर सकेंगे। इससे छात्रों को घर बैठे पढाई करने का भी मौका मिलेगा। स्वयं पोर्टल पर कई नये विषय भी हैं, जिन्हें छात्र पढ सकेंगे। स्वयं पोर्टल अभी स्नातक में लागू किया जा रहा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

**HINDUSTAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:24.04.2025**
**PAGE-08**

## स्क्रूटनी कमेटी की बैठक आज

मुजफ्फरपुर। विवि में गुरुवार को स्क्रूटनी कमेटी की बैठक होगी। बैठक में एक और दो नंबर से पीजी परीक्षा में फेल छात्रों की कॉपियों को देखा जायेगा। इसके लिए विवि ने तीन समितियों का गठन किया है। यह कमेटी छात्रों की कॉपियों की रीटोटलिंग करेगी। जिन छात्रों के नंबर नहीं जुड़े होंगे उनके नंबर जोड़ेगी।

## विवि में एडमिशन कमेटी की बैठक आज

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में एडमिशन कमेटी की बैठक गुरुवार को होगी। बैठक में स्नातक में होने वाले दाखिले पर चर्चा की जायेगी। अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय करेंगे। बैठक में कोटे में दाखिले का मुद्दा भी उठेगा। तय किया जाएगा कि किस-किस कोटे में दाखिला लिया जाएगा।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:24.04.2025, PAGE-02

# बीआरएबीयू को मिलेंगे होम साइंस के 14 शिक्षक

- बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने जारी की सूची, चयनित के लिए विश्वविद्यालय आवंटित
- काउंसिलिंग में चयनित अभ्यर्थियों की दस्तावेज की जांच के बाद सूची के आधार पर होगी पदस्थापना



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को जल्द ही होम साइंस के 14 शिक्षक मिलेंगे। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने होम साइंस के चयनित अभ्यर्थियों के लिए विश्वविद्यालय का आवंटन कर दिया है। प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए कुल 82 शिक्षकों का चयन किया गया है। अब आयोग की ओर से भेजी जाने वाली सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का पदस्थापन होगा। इससे पहले उनके दस्तावेज की जांच होगी।

इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से काउंसिलिंग की तिथि जारी होगी। गेस्ट हाउस में सभी अभ्यर्थियों को दस्तावेज के साथ उपस्थित होना होगा। डाक्युमेंट में गड़बड़ी पाए जाने पर उन्हें योगदान से रोका जाएगा और कार्रवाई होगी। आयोग से सूची प्राप्त होने के बाद शिक्षकों का पदस्थापन पीजी विभाग से लेकर कालेजों में किया जाएगा। कई कालेजों में होम साइंस के शिक्षकों की कमी है। इसको लेकर पिछले दिनों कालेजों ने विश्वविद्यालय को अवगत कराया था। दूसरी ओर विश्वविद्यालय को अंग्रेजी में भी 38 सहायक प्राध्यापक मिलने हैं। पिछले दिनों आयोग ने सफल अभ्यर्थियों के लिए विश्वविद्यालय का आवंटन किया है। अब भी आयोग की ओर से सूची भेजे जाने का इंतजार है। इसी आधार पर शिक्षकों के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी होगी।

## आध दर्जन विषयों में सीट वढ़ोतरी पर निर्णय आज

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक में नामांकन से पूर्व सीट वृद्धि के प्रस्ताव पर गुरुवार को निर्णय होगा। वहीं पीजी में भी करीब 10 प्रतिशत से अधिक सीट बढ़ाए जाने से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा होगी। कुलपति की अध्यक्षता में नामांकन समिति की बैठक होगी। इसमें विभिन्न विषयों के पीजी विभागाध्यक्ष समेत अन्य उपस्थित रहेंगे। बताया जा रहा है कि स्नातक में नामांकन से पहले करीब आधा दर्जन विषयों में सीट बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है। कई विषय ऐसे हैं जिसमे काफी संख्या में विद्यार्थी आवेनद करते हैं लेकिन सीट कम होने के कारण उनका नामांकन नहीं हो पाता है। दूसरी ओर कई विषय ऐसे हैं जिसमे सीटों की संख्या अधिक है लेकिन उसमें विद्यार्थियों के कम आवेदन आते हैं। दूसरी ओर स्नातक में एक समान शुल्क संरचना पर भी निर्णय होगा।

## शेक्सपियर की रचनाएं सार्वभौमिक व सर्वकालिक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य दिवस पर कार्यक्रम हुआ। गोष्ठी व क्विज में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष सह कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय ने की। अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य में विलियम शेक्सपियर के अनुपम योगदान विषय पर वक्तव्य देते हुए विभागाध्यक्ष डा.राय ने उन्हें महान नाटककार व कवि बताया। उनकी रचनाएं सार्वभौमिक एवं सर्वकालिक हैं। विभाग के अन्य शिक्षकों ने भी अंग्रेजी भाषा व साहित्य में महान नाटककार के योगदान की चर्चा की। पीएचडी के शोधार्थी, पीजी के विद्यार्थी आदि ने भाषा एवं साहित्य के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। काव्य पाठ भी हुआ। क्विज में स्मृति सुमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अनामिका कुमारी को द्वितीय और ऋतिक कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंत में स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह को स्मरण किया गया। कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।